कार्यालय नगर परिषद, शेखपुरा

—: आम सूचना :—

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081, दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में नगर परिषद, शेखपुरा अन्तर्गत **कुल 10 (दस) स्वच्छता साथी** का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है:—

स्वच्छता साथी कौन होंगे:—

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकते हैं, परन्तु स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यर्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यर्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यर्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यर्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGO's youth, Community Based Organization, RWA's से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. अभ्यर्थी अपना आवेदन अपने दस्तावेज की फोटो कॉपी स्व—अभिप्रमाणित कर दिनांक 30.01.2025 तक नगर परिषद कार्यालय में अपराह्न 03:00 बजे तक जमा करेंगे ।
8. साक्षात्कार हेतु तिथि का प्रकाशन अलग से नगर परिषद, शेखपुरा के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाएगा ।
9. साक्षत्कार के समय सभी अभ्यर्थी अपना मूल दस्तावेज, यथा — अपने संबंधित मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण—पत्र, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज के साथ उपस्थित होंगे।
10. अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं विशेष जानकारी नगर परिषद, शेखपुरा कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।
11. आम सूचना में संशोधन/रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/विभाग को सुरक्षित रहेगा ।

नोट:—यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नही होगा।

16/01/25

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, शेखपुरा

16/1/25

Scanned with OKEN Scanner